an>

Title: Need to construct a bridge over Yamuna river to connect areas of two districts of Agra and Mathura under Fatehpur Sikri Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री बाबूलाल चौधरी (फतेहपुर सीकरी) : महोदया, आगरा-मथुरा को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर, रूनक्ता (रेणुका धाम) और अकोश गांव दोनों के बीच में जो दो किलोमीटर की दूरी है उसे जोड़ने की वहां की जनता की मांग है। मथुरा जिले में दाउजी महाराज का एक बहुत ही प्राचीन मंदिर है जहां के लिए 80 किलोमीटर घूमकर आगरा से हजारों लोग दर्शन करने के लिए जाते हैं। आगरा और मथुरा के लोगों में आपस में हजारों लोगों की रिश्तेदारियां हैं। दाउजी से आगरा 20 किलोमीटर दूर है लेकिन मंदिर के दर्शन और खरीदारी करने के लिए लोगों को 80 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है। मेरा आपसे अनुरोध है कि इस जगह पर पक्का पुल यमुना पर बनवाया जाए और जब तक पक्का पुल बने, वहां पर पीपों का अस्थाई पुल बनवा दिया जाए जिससे जनता को आने-जाने की सुविधा हो सके। दोनों जिलों की जनता आपका बहुत आभार मानेगी।